# छत्तीसगढ़ में विश्व जैव ईंधन दिवस मनाया गया

## चर्चा में क्यों?

10 अगस्त, 2024 को **छत्तीसगढ़ जैव ईंधन विकास प्राधिकरण (CBDA)** ने दुर्ग ज़िले के गोरही गाँव में **विश्व जैव ईंधन दिवस** मनाया।

- इस कार्यक्रम में हरित ऊर्जा, ग्रामीण सहभागिता और **जैव ईंधन संवर्द्धन** पर प्रकाश डाला गया, जिसमें CBDA ने गैर-खाद्य तिलहनों तथा प्रयुक्त खाना पकाने के तेल से सफलतापूर्वक **जैव-डीज़ल** का उत्पादन किया तथा **जैव-जेट ईंधन**, **बायो-इथेनॉल** और **हरित हाइड्रोजन** के लिये भविष्य की योजनाओं पर भी प्रकाश डाला गया।

## मुख्य बिंदु

## विश्व जैव ईंधन दिवस के बारे में:

- **उद्देश्य**:
  - इसका उद्देश्य गैर-जीवाश्म ईंधनों को **सतत् ऊर्जा** विकल्प के रूप में प्रोत्साहित करने तथा जैव ईंधन उद्योग को बढ़ावा देने हेतु सरकारी पहलों को उजागर करना है।
  - यह दिन 9 अगस्त,1893 में को जर्मन इंजीनियर सर रुडोल्फ डीज़ल द्वारा मूंगफली के तेल पर इंजन के सफल संचालन की याद में मनाया जाता है।
- **वर्ष 2025 का विषय: "जैव ईंधन : नेट ज़ीरो की ओर एक सतत् मार्ग"**

## जैव ईंधन:

- **परिचय**:
  - जैव ईंधन पौधों के बायोमास या पशु अपशिष्ट से प्राप्त ईंधन हैं, जो अक्षय ऊर्जा स्रोत माने जाते हैं। सामान्य जैव ईंधनों में शामिल हैं:
    - **इथेनॉल:** मक्का एवं गन्ने जैसे फसल अवशेषों के किण्वन से तैयार किया जाता है, जिसे पेट्रोल के साथ मिलाकर उत्सर्जन कम किया जाता है। सामान्य मिश्रण *E-10* (10% एथेनॉल) है।
    - **जैव-डीज़ल:** प्रयुक्त खाना पकाने के तेल, पुनर्नवीनीकृत ग्रीस या पशु वसा से उत्पादित एक जैव-निम्नीकरणीय ईंधन, जो तेल या वसा को अल्कोहल और उत्प्रेरक के साथ अभिक्रिया करके बनाया जाता है।
- **महत्त्व:**
  - **पर्यावरणीय लाभ:** ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी, संसाधनों का संरक्षण एवं अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार।
  - **ऊर्जा सुरक्षा:** 85% से अधिक तेल आयातित होने के कारण जैव ईंधन भारत की ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ा सकता है।
  - **आर्थिक लाभ:** जैव ईंधन तेल आयात को कम कर सकता है तथा कृषि आय में वृद्धि कर सकता है, विशेष रूप से **मक्का और गन्ना जैसी अधिशेष** फसलों से।
  - **प्रचुर उपलब्धता:** जैव ईंधन का उत्पादन फसलों, अपशिष्ट और **शैवाल** से किया जा सकता है।

## नोट:

- भारत विश्व का **तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता** (अमेरिका और चीन के बाद) है।
- भारत का लक्ष्य वर्ष 2025 तक **20% इथेनॉल मिश्रण** हासिल करना है।
- **पहली 2G इथेनॉल परियोजना** का उद्घाटन वर्ष 2022 में हरियाणा के **पानीपत** में किया गया।
  - 2G इथेनॉल एक जैव ईंधन है, जो कृषि अवशेषों और अपशिष्ट जैसे गैर-खाद्य स्रोतों से उत्पादित होता है।

# ईंधन के रूप में इथेनॉल

Drishti IAS


## इथेनॉल

- प्रमुख जैव ईंधन।
- इसे एथिल अल्कोहल ($C_2H_5OH$) भी कहा जाता है।

## उत्पादन

- **प्राकृतिक रूप से चीनी** (अथवा मक्का, चावल आदि) **के किण्वन द्वारा**
- **पेट्रोकेमिकल प्रक्रियाओं** द्वारा (एथिलीन हाइड्रेशन)

गैर-जीवाश्म ईंधन के महत्त्व के संदर्भ में जन-जागरूकता हेतु 10 अगस्त को विश्व जैव ईंधन दिवस मनाया जाता है।




## इथेनॉल सम्मिश्रण

**वाहनों के परिचालन में जीवाश्म ईंधन की खपत कम करने के लिये पेट्रोल के साथ इथेनॉल को मिलाना।**

### सम्मिश्रण लक्ष्य

- वर्ष **2025** तक **E20:** ईंधन 80% पेट्रोल के साथ **20%** इथेनॉल का मिश्रण।
  - वर्तमान में वाहनों में प्रयोग होने वाले पेट्रोल में इथेनॉल की हिस्सेदारी **10%** ही है।

### महत्त्व

- देश के तेल आयात में कमी आएगी।
- पेट्रोल की तुलना में कम लागत पर समतुल्य दक्षता प्राप्त होगी।
- पूर्ण रूप से जलता है साथ ही पेट्रोल से भी अधिक स्वच्छ होता है।
- किसानों की आय बढ़ाने के लिये कृषि अवशेषों से इथेनॉल का उत्पादन किया जा सकेगा।

### चुनौतियाँ

- **गन्ने के लिये अधिक भूमि की आवश्यकता** (परिणामस्वरूप खाद्य कीमतों में वृद्धि) है।
- जैव ईंधन फसलों को **उच्च मात्रा में जल की आवश्यकता** होती है।

### संबंधित पहलें

- भारत में इथेनॉल सम्मिश्रण के लिये रोडमैप (नीति आयोग की रिपोर्ट) (वर्ष 2021)
- E100 पायलट प्रोजेक्ट (इथेनॉल के उत्पादन और वितरण के लिये नेटवर्क) (वर्ष 2021)
- प्रधानमंत्री जी-वन योजना (2G इथेनॉल परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिये) (वर्ष 2019)
- राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति (वर्ष 2018)
- इथेनॉल सम्मिश्रण कार्यक्रम (वर्ष 2003)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/world-biofuel-day-celebrated-in-chhattisgarh